श्री बंशीधर नगर, शनिवार
28.11.2026
मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 91

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:16 बजे
अस्त - 05:08 बजे

तापमान
अधिकतम : 27 डिग्री से.
न्यूनतम : 20 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

मिट्टी की उर्वरता बचाएं, जैविक खेती अपनाएं >> पेज 03
एआई इंसानी भावनाओं की जगह नहीं ले सकता : अनन्या पांडे >> पेज 05

सुविचार

अगर आप बहुत ज्यादा प्यार करते हैं तो आपको दुख हो सकता है, लेकिन अगर आप बहुत कम प्यार करते हैं तो आप दुख में रहेंगे।

न्यूज अपडेट्स

ठंड का प्रकोप बढ़ा 72 घंटे में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री तक गिरा

रांची। झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 72 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में लगातार गिरावट से राज्यभर में कनकनी और ठिठुरन बढ़ गई है। मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 9.8 डिग्री पर पहुंच गया। इसी तरह जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री से गिरकर 15.1 डिग्री, डालटनगंज में 18.3 डिग्री से घटकर 11.6 डिग्री और बोकारो में 17.2 डिग्री से गिरकर 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चाईबासा में भी न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री से घटकर 12.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में रांची और आसपास के इलाकों में सुबह के समय हल्का कुहासा छा सकता है। इसके बाद आसमान साफ रहने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह हल्का कुहासा छाया रहा।

सरकार नया दांव परिसीमन पर पुराने विधेयक से पीछे हटी केंद्र सरकार, नयी जनगणना बनेगी आधार

सभी राज्यों में 50 प्रतिशत बढ़ेंगी सीटें

नवीनतम जनगणना के आंकड़ों से तय होगा सीटों का बंटवारा

महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें बारी-बारी से आवंटित होंगी



नई दिल्ली। देश की चुनावी और राजनीतिक व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही केंद्र सरकार ने परिसीमन को लेकर अपना रुख बदल दिया है। अप्रैल में लोकसभा में पेश किए गए मूल परिसीमन विधेयक, 2026 को वापस लेने का फैसला करते हुए सरकार ने उसकी जगह संशोधित विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा है। नए प्रस्ताव में लोकसभा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। सरकार का दावा है कि इस व्यवस्था से सभी राज्यों को समान अनुपात में प्रतिनिधित्व बढ़ाने का अवसर मिलेगा और मौजूदा सीट वितरण का सापेक्ष संतुलन भी बना रहेगा। केंद्र सरकार की ओर से 27 नवंबर को जारी बयान में कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने मूल विधेयक को वापस लेने के कारणों की जानकारी दी। नए प्रस्तावित विधेयक को 'परिसीमन विधेयक-2' नाम दिया गया है। इसमें परिसीमन आयोग के गठन से लेकर जनगणना के आंकड़ों के इस्तेमाल, महिला आरक्षण और विधायी प्रतिनिधित्व के विस्तार तक कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

अब जल्द गठित होगा परिसीमन आयोग

मूल विधेयक में परिसीमन आयोग के समय-समय पर गठन का प्रावधान था। संशोधित विधेयक में इस व्यवस्था को अधिक स्पष्ट किया गया है। इसके तहत कानून लागू होने के बाद केंद्र सरकार को जल्द से जल्द परिसीमन आयोग का गठन करना होगा। आयोग को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में सीटों के नए सिरे से निर्धारण तथा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

जनगणना के आंकड़ों पर होगा सीटों का निर्धारण

नए विधेयक में जनगणना के आंकड़ों को लेकर भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। परिसीमन के लिए कानून लागू होने की तारीख तक प्रकाशित सबसे नवीनतम जनगणना के आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। यदि उस समय तक नई जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं होते हैं, तो वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाएगा। इन आंकड़ों के आधार पर आयोग निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय करने के साथ ही विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीटों का पुनर्निर्धारण करेगा।

महिला आरक्षण के लिए भी नई व्यवस्था

संशोधित विधेयक में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के आवंटन की व्यवस्था भी शामिल की गई है। इसके तहत महिला आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों का आवंटन बारी-बारी से किया जाएगा। यह प्रक्रिया किस तरीके से संचालित होगी, इसका निर्धारण परिसीमन आयोग करेगा। इस प्रावधान को महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पहले विधेयक को नहीं मिला था विशेष बहुमत

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल, 2026 को लोकसभा में मूल परिसीमन विधेयक पेश किया था। इसके साथ संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 भी सदन में लाए गए थे। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य परिसीमन आयोग का गठन कर लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में सीटों का नए सिरे से निर्धारण करना था। हालांकि, 17 अप्रैल को संविधान संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा और मतदान के दौरान सरकार आवश्यक विशेष बहुमत हासिल नहीं कर सकी। संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत निर्धारित विशेष बहुमत नहीं मिलने के कारण संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो पाया। इसके बाद इससे जुड़े अन्य दो विधेयकों पर भी आगे की कार्रवाई नहीं हुई। मूल परिसीमन विधेयक लोकसभा में लंबित रह गया था। अब केंद्र सरकार ने उसी विधेयक को वापस लेकर संशोधित प्रस्ताव के साथ आगे बढ़ने की तैयारी की है। नए प्रस्ताव पर संसद में होने वाली चर्चा और राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट होगा कि परिसीमन और महिला आरक्षण की दिशा में सरकार की यह नई पहल कितनी आगे बढ़ पाती है।

लोकसभा से विधानसभा तक 50 प्रतिशत बढ़ेंगी सीटें

संशोधित विधेयक का सबसे बड़ा प्रावधान सीटों की संख्या में समान रूप से 50 प्रतिशत वृद्धि करना है। इसके तहत लोकसभा में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को आवंटित सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी प्रस्तावित है। इसी तरह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी कुल सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएगी। सरकार का तर्क है कि इस व्यवस्था से किसी एक राज्य को दूसरे की तुलना में अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। सभी राज्यों में समान अनुपात से सीटें बढ़ने के कारण उनके बीच प्रतिनिधित्व का मौजूदा सापेक्ष अनुपात बना रहेगा। इससे संसद और विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ेगी तथा विधायी प्रतिनिधित्व का दायरा विस्तृत होगा।

राज्य स्थापना दिवस : सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने बांधा समां

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं वर्तमान सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर रांची के खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन 27 नवंबर को सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाने-माने कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। संगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी इस संध्या ने दर्शकों को झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण सुनिधि लाइव की प्रस्तुति रही। वहीं, इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार गायन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शक झूमते नजर आए। कार्यक्रम में देवप्रिय ठाकुर (रांची) ने सितार वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं, पारोमिता चौधरी एवं गृहिणी समूह के अद्वितीय बैंड ने समूह गायन के माध्यम से संगीत की खूबसूरत छटा बिखेरी। झारखंड की लोक संस्कृति को समर्पित प्रस्तुतियों में किशोर नायक के कुंजबन समूह द्वारा नागपुरी नृत्य एवं गायन की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। विनोद महतो एवं उनके दल ने पारंपरिक घोड़ा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, अशोक कश्यप द्वारा प्रस्तुत पैका नृत्य ने झारखंड की पारंपरिक लोककला, वीरता और सांस्कृतिक गौरव की जीवंत झलक प्रस्तुत की। पूरी सांस्कृतिक संध्या संगीत, कला और लोक परंपराओं के अनूठे संगम के रूप में यादगार रही। कलाकारों की



एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

देवघर पहुंचे ईशान किशन, बाबा बैद्यनाथ के दरबार में टेका माथा

वैभव सूर्यवंशी को बताया स्पेशल टैलेंट

देवघर। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर और विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले ईशान किशन इस दौरान पूरी तरह भक्ति के रंग में नजर आए। बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद ईशान किशन ने अपनी धार्मिक आस्था साझा करते हुए कहा कि जब भी जीवन में कोई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करना होता है या किसी बड़े उद्देश्य की ओर कदम बढ़ाना होता है, तो वह बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेने जरूर पहुंचते हैं। बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है और यहां आकर उन्हें विशेष आध्यात्मिक अनुभूति होती है। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और सफलता की कामना की। इस दौरान ईशान किशन ने बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा की भी जमकर सराहना की। उन्होंने वैभव



को स्पेशल टैलेंट बताते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में जिस तरह वह मैदान पर उतरकर बड़े-बड़े गेंदबाजों का सामना कर रहा है, वह असाधारण है। उसकी बल्लेबाजी में बेखौफ अंदाज और जबरदस्त आत्मविश्वास नजर आता है। उन्होंने कहा कि वैभव आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट का भविष्य बन सकता है। इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

उल्लेखनीय है कि ईशान किशन भारतीय क्रिकेट के चर्चित विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल हैं। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले ईशान ने वर्ष 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में महज 126 गेंदों पर 200 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए थे। वहीं भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के आगमन की खबर फैलते ही मंदिर परिसर में क्रिकेट प्रेमियों और समर्थकों की भीड़ जुट गई। प्रशंसक अपने चहेते क्रिकेटर की एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीर लेने के लिए उत्साहित दिखे। ईशान किशन का देवघर आगमन शहर में चर्चा का विषय बना रहा।

एसबीआई के पूर्व मैनेजर 93 लाख के फर्जी लेनदेन के आरोप में गिरफ्तार

दुमका। छत्तीसगढ़ के कोरबा में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक रहते करीब 93 लाख रुपए के संदिग्ध लेनदेन के मामले में आरोपित सुनील कुमार झा को छत्तीसगढ़ एसीबी की टीम ने शुक्रवार को दुमका से गिरफ्तार किया। नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर मुहल्ले स्थित उनके आवास पर पहुंची एसीबी की टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद टीम उन्हें अपने साथ छत्तीसगढ़ ले गई। आरोपित के खिलाफ वर्ष 2020 में कोरबा में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जानकारी के अनुसार मामला उस समय का है, जब सुनील कुमार झा एक जून 2018 से एक अगस्त 2019 तक कोरबा जिले में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में मुख्य शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने अपने पद और बैंकिंग अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए कई खातों के माध्यम से संदिग्ध लेनदेन किया। जांच में सामने आए आरोपों के मुताबिक, खुद और अपनी पत्नी के नाम के अलावा वाहन चालकों और अन्य लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए। इन खातों के जरिए करीब 93 लाख रुपए का लेनदेन किया गया। आरोप लगाया गया है कि बैंकिंग प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए फर्जी वाउचर और दस्तावेजों के सहारे रकम का स्थानांतरण किया गया। इससे बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचा। मामले में भारतीय दंड संहिता के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार झा दुमका के रसिकपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

झारखंड स्थापना दिवस समारोह की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी ने दिया निर्देश



बंशीधर न्यूज

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस-2026 और वर्तमान सरकार की द्वितीय वर्षगांठ पर खेलगांव में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता कर आयोजन के सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और आम लोगों की सुविधाओं को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अधिकारियों को निर्धारित जिम्मेदारियों का गंभीरता से पालन करने और आपसी समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि इतने बड़े राजकीय समारोह का सफल आयोजन सभी पदाधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट, स्पष्ट साइनेज, भोजन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और फ्लेकार्ड के माध्यम से आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्धारित समय पर ड्यूटी स्थल पर पहुंचने और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने को कहा। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर वाहनों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने एवं प्रवेश द्वारों पर सघन जांच के निर्देश दिया। प्रतिबंधित और आपत्तिजनक वस्तुओं को समारोह स्थल में ले जाने पर रोक रहेगी। अधिकारियों ने अतिथियों और आम नागरिकों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने पर भी जोर दिया। एडीएम (विधि-व्यवस्था) धनंजय ने संयुक्तादेश के तहत प्रतिनियुक्त अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षा निदेशों का पालन कर समारोह को शांतिपूर्ण बनाने में सहयोग की अपील की। प्रेसवार्ता में नगर एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

बिहार के बालू घोटाले में चतरा में तीन ठिकानों पर छापेमारी

चतरा। बिहार में हुए चर्चित बालू घोटाले की जांच का दायरा झारखंड तक पहुंच गया है। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने शुक्रवार को झारखंड के चतरा जिले में तीन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दायरे में अरुण सिंह, प्रेम सिंह और ठेकेदार शक्ति सिंह शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिहार ईओयू की टीम बालू घोटाले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर चतरा पहुंची। टीम सिंह बंधुओं से जुड़े ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है। गोसाईडीह में प्रेम सिंह के ठिकाने के अलावा नागर में अरुण सिंह और शक्ति सिंह के कार्यालयों एवं आवासों पर छापेमारी जारी है। अरुण सिंह, प्रेम सिंह और शक्ति सिंह आपस में करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जांच एजेंसी इन ठिकानों से बालू कारोबार और कथित घोटाले से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य साक्ष्य जुटा रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार में बालू के अवैध कारोबार और उससे जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई कर रही है। जांच के दौरान झारखंड के कुछ लोगों की कथित संलिप्तता से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद बिहार ईओयू ने चतरा में यह कार्रवाई की है। इस मामले में बिहार ईओयू की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईडी इस मामले में वित्तीय लेन-देन और कथित अवैध कमाई से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है। इससे पहले बिहार ईडी ने बालू घोटाले से जुड़े मामले में पिछले वर्ष झारखंड के धनबाद जिले में भी कुछ ठिकानों पर छापेमारी की थी। चतरा में बिहार ईओयू की ताजा कार्रवाई को इसी जांच की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

समिट आईसीसी माइनिंग समिट में निवेश बढ़ाने पर विमर्श

झारखंड के खनन क्षेत्र की संभावनाओं पर मंथन

रांची। झारखंड के खनन क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, कारोबार की सुगमता और खनिज प्रशासन को मजबूत बनाने की रणनीति पर शुक्रवार को रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में आयोजित 7वें आईसीसी माइनिंग समिट में शुक्रवार को व्यापक मंथन किया गया।

इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के झारखंड स्टेट काउंसिल की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, खनन विशेषज्ञों और संस्थागत अधिकारियों ने राज्य के खनन क्षेत्र की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार साझा किया। इस अवसर पर झारखंड माइनिंग विजन 2030 शोध प्रकाशन का लोकार्पण किया गया। नवंबर 2026 में प्रकाशित इस शोध पत्रिका में निवेश आकर्षित करने, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और मिनरल गवर्नेंस को बेहतर बनाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

कार्यक्रम की शुरूआत आईसीसी झारखंड स्टेट काउंसिल के चेयरमैन डॉ. अमृतांशु प्रसाद के स्वागत संबोधन से हुई। मेकॉन के डायरेक्टर (टेक्निकल) अमित राज ने थीम एड्रेस दिया, जबकि हिंडालको के प्रेसिडेंट (माइंस) बिजेश झा ने विशेष संबोधन किया। मेकॉन के सीएमडी संजय कुमार वर्मा ने भी विचार रखा। समिट में तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, उत्खनन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के साथ नीतिगत सुधार, घरेलू क्षमता और आयात निर्भरता कम करने पर चर्चा हुई।

दूसरे सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, आईओटी और डिजिटल तकनीक के जरिए खनन उत्पादकता, सुरक्षा एवं परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

तीसरे सत्र में सतत खनन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन पर विमर्श हुआ। इसमें ईएसजी अनुपालन, खदानों का पुनर्वास, भूमि बहाली, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। इनोवेट, कोलैबोरेट, सस्टेनह्न थीम पर आयोजित समिट में विशेषज्ञों ने तकनीकी नवाचार, नीतिगत सुधार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को झारखंड के खनन क्षेत्र के भविष्य के लिए जरूरी बताया। इस अवसर पर रुंगटा माइंस के सीजीएम (कोल माइंस) मनवेंद्र कुमार, हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एवीपी एवं हेड (सस्टेनेबिलिटी) अनूमा बसु और डेलॉयट की पार्टनर डॉ अमृता गांगुली सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री हेमंत ने घोड़ाबांधा पहुंच पूर्व अर्जुन मुंडा की मां को दी श्रद्धांजलि



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने अर्जुन मुंडा की दिवंगत माता स्वर्गीय सायरा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने भी दिवंगत सायरा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और उनके परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में उन्हें धैर्य और हिम्मत बनाए रखने का संबल दिया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री के जमशेदपुर आगमन को लेकर घोड़ाबांधा स्थित हेलीपैड पर प्रशासन की ओर से आवश्यक सुरक्षा एवं स्वागत की व्यवस्था की गई थी। हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का स्वागत करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं का संचालन किया।

स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर



कांडी : युवाओं के प्रेरणास्रोत, ओजस्वी विचारक एवं युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा उनकी प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इकाई कांडी की ओर से स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस आयोजन को लेकर परिषद् के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, उत्साह और समर्पण के साथ जुटे हुये हैं। प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों एवं प्लस टू विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की सहभागिता के लिये पंजीयन प्रक्रिया की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुये नगर मंत्री लक्की चंद्रवंशी ने बताया की स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। आयोजन का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता का मूल्यांकन करना नहीं, बल्कि उनमें जिज्ञासा, आत्मविश्वास, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करना है। उन्होंने प्रखंड के सभी छात्र-छात्राओं से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 21 सौ रुपये, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 सौ रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 501 रुपये एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

डार्क ब्लू ने उजाला क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराया, मनीष कुमार ने जड़ा शानदार शतक



गढ़वा : जिला क्रिकेट लीग के 11 वें मुकाबले में डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुये उजाला क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से पराजित कर दिया। मैच में डार्क ब्लू के बल्लेबाज मनीष कुमार ने शानदार शतकीय पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उजाला क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 177 रन बनाये। टीम की ओर से अमिताभ राज ने 76, मनीष तिवारी ने 42 एवं विभूति राज ने 18 रनों का योगदान दिया। डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुये रोहित, आयुष तापस और मोहसिन ने 2-2 विकेट हासिल किये। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 24.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से मनीष कुमार ने नाबाद 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। जबकि अभिषेक कुमार ने 41 रन बनाये। उजाला क्रिकेट क्लब की ओर से अमिताभ, राहुल और अरुणीश ने 1-1 विकेट हासिल किये। शानदार शतकीय पारी के लिये मनीष कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने प्रदान किया।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष और भारतीय महावाणिज्य दूतावास के समन्वय से हुई वतन वापसी

रूस में हिरासत में रखे गए झारखंड के मनीष साहू सुरक्षित भारत लौटे

रांची। रूस के येकातेरिनबर्ग में हिरासत में रखे गए झारखंड के नागरिक मनीष साहू की सुरक्षित वतन वापसी हो गई है। झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के अनुसार, 29 वर्षीय मनीष 26 नवंबर को दिल्ली पहुंचे और शुक्रवार को ट्रेन से अपने गृह नगर जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) लौट आए। विभाग के अनुसार, मनीष साहू छह अक्टूबर 2026 को पर्यटक के रूप में रूस गए थे। 27 अक्टूबर के बाद परिवार से उनका संपर्क टूट गया। इसके बाद उनकी मां नीलम साहू ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराई। मनीष ने स्वयं विभाग को सूचना दी थी कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। उन्होंने कथित दुर्व्यवहार, झूठे आरोप लगाने और दबाव बनाए जाने की शिकायत भी की थी। विभाग ने स्पष्ट किया था कि ये आरोप मनीष की ओर से दी गई जानकारी पर आधारित थे और इनका स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं किया गया था। मामले की गंभीरता को



देखते हुए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने 29 अक्टूबर को रांची स्थित प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स, भारतीय दूतावास, मॉस्को और संबंधित अधिकारियों को ई-मेल भेजकर तत्काल कांसुलर एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। दो नवंबर को मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने सूचित किया कि मामला भारतीय महावाणिज्य दूतावास, येकातेरिनबर्ग के क्षेत्राधिकार में आता है और इसे वहां अग्रसारित कर दिया गया है। इसके बाद तीन नवंबर को येकातेरिनबर्ग स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने विदेशी नागरिकों के अस्थायी हिरासत केंद्र में मनीष साहू से मुलाकात की और उन्हें कांसुलर सहायता उपलब्ध कराई। अधिकारियों ने उनका शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य और संतोषजनक पाया। मनीष ने भी इसकी पुष्टि की। हिरासत केंद्र के प्रमुख के आदेश में उन्हें प्रशासनिक अपराध का दोषी ठहराते हुए चार हजार रूबल का जुमार्ना लगाया गया और रूस से अनिवार्य निष्कासन का आदेश दिया गया। विभाग के अनुसार, नौ नवंबर को न्यायिक बेलीफ ने मामले की समीक्षा के बाद मनीष को 25 नवंबर को ताशकंद के रास्ते रूस से प्रस्थान करने की अनुमति दी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के लिए हवाई टिकट बुक कराया। भारतीय महावाणिज्य दूतावास के समन्वय से मनीष 25 नवंबर को ताशकंद के रास्ते रूस से रवाना हुए। 26 नवंबर को दिल्ली पहुंचने के बाद 27 नवंबर को जमशेदपुर लौट आए। उनकी रूस से रवानगी से लेकर भारत पहुंचने तक भारतीय मिशन के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा गया। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने भारतीय महावाणिज्य दूतावास, येकातेरिनबर्ग और मामले में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों के प्रति आभार जताया है। विभाग ने कहा कि विदेशों में फंसे झारखंड के नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है। विभाग ने रूस जाने वाले श्रमिकों और पर्यटकों से अपील की है कि वे वैध वीजा, रोजगार अनुबंध और भर्ती एजेंसियों का सत्यापन अवश्य करें। साथ ही पासपोर्ट जब्ती, अवैध भर्ती और वीजा नियमों के उल्लंघन जैसी परिस्थितियों से बचने के लिए भारतीय दूतावास या महावाणिज्य दूतावास के संपर्क में रहें।

संविधान निर्माता बाबा साहेब का योगदान देश कभी नहीं भुला सकता : विष्णु दयाल राम



हुसैनाबाद : संविधान गौरव दिवस पर शुक्रवार को हुसैनाबाद स्थित एके सिंह कॉलेज में भाजपा की ओर से संविधान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उस मौके पर सांसद श्रीराम ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आधारशिला है। यह केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्गदर्शक है। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब का योगदान अतुलनीय है। उनके दूरदर्शी विचारों और संघर्षों ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया। देश उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकता। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस संविधान और बाबा साहेब के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन देश को उनके साथ हुए ऐतिहासिक राजनीतिक व्यवहार की जानकारी भी होनी चाहिए। वर्ष 1951 में हिंदू कोड बिल के मुद्दे पर तत्कालीन सरकार से असहमति के कारण बाबा साहेब ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, कॉलेज सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, राम प्रवेश सिंह, रविन्द्र सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, अलख दुबे, अजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, सुबोध कश्यप और रंजीत पासवान सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

काम के बहाने केरल ले जाई जा रही आबादगंज की 13 लड़कियां रांची में सुरक्षित रेस्क्यू

मेदिनीनगर : पलामू और रांची के संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय से काम दिलाने के बहाने केरल ले जाई जा रही आबादगंज की 13 लड़कियों को सुरक्षित बचा लिया गया। इनमें प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चार नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। लड़कियों को अपने साथ ले जा रहे एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस संबंध में गोपनीय सूचना मिलते ही पलामू के श्रम अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया। इसके सीडब्ल्यूसी, डीसीपीयू और सहयोगी स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय किया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि सभी लड़कियां सुबह सात बजे डालटनगंज से इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़कर रांची के रास्ते केरल जा रही हैं। सूचना मिलते ही पलामू श्रम विभाग ने आरपीएफ, रांची बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क स्थापित कर ट्रेन एवं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी साझा की। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे ट्रेन के रांची पहुंचते ही आरपीएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 13 लड़कियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में पलामू और रांची के संबंधित विभागों के बीच लगातार समन्वय बना रहा। फिलहाल पलामू श्रम विभाग और संबंधित इकाइयां रांची की टीम के संपर्क में हैं। सभी लड़कियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पलामू रबी कार्यशाला में डीडीसी सादात अनवर ने कहा

मिट्टी की उर्वरता बचाएं, जैविक खेती अपनाएं

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : कृषि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रबी कार्यशाला सह खेत बचाओ अभियान का उद्घाटन डीडीसी सादात अनवर, डीएओ दीपक कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उस मौके पर डीडीसी ने किसानों से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने और जल संरक्षण पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना जरूरी है। रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य की देखभाल से लंबे समय तक बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने गेहूं, चना, मसूर, सरसों और मक्का की उन्नत खेती की जानकारी दी। किसानों को बीजोपचार, हरी खाद, संतुलित उर्वरक के उपयोग और प्राकृतिक खेती के फायदे बताए गए। कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने पर जोर दिया गया।



इस दौरान सरकारी कृषि योजनाओं के तहत चयनित किसानों के बीच सामग्री और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। दस प्रगतिशील किसानों को उन्नत प्रभेद के सरसों बीज, दो किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना और एक किसान को किसान समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। एक किसान को किसान क्रेडिट कार्ड का स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

बाल विवाह रोकने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डीडीसी

मेदिनीनगर : अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह निषेध दिवस पर शुक्रवार को टाउन हॉल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी सादात अनवर ने किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी जरूरी है। डीएसडब्ल्यूओ नीता चौहान ने बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की। इसके लिए पुलिस हेल्पलाइन 112 और महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचना देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में पलामू में बाल विवाह की दर 39.9 प्रतिशत से घटकर 35 प्रतिशत हो गई है। इसे आगे घटाकर 5.5 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान और विभागीय समन्वय पर जोर दिया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त गांव बनाने और इसकी रोकथाम में बेहतर योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद थे।

कस्तूरबा विद्यालय से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत, छात्राओं को किया जागरूक

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चिनिया में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डीएलएसए की सचिव निभा रंजना लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। विद्यालय की छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और स्वागत गान प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। मौके पर सचिव निभा रंजना लकड़ा ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों का विवाह नहीं होना चाहिये। लड़कियों की शादी 18 वर्ष और लड़कों की शादी 21 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ही होनी चाहिये। कम उम्र में शादी करने से बचपन छिन जाता है और हिंसा एवं शोषण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने छात्राओं से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद ही विवाह करने की अपील की। एलएडीसी सदस्य सुधीर तिवारी ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के संविधान प्रदत्त गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार और आगे बढ़ने के अवसर प्रभावित होते हैं। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है, शिक्षा बाधित होती है और मानसिक तनाव के साथ स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पीएलवी कलामुद्दीन अंसारी ने बाल विवाह की सूचना देने का आग्रह किया। बीईईओ ने बाल विवाह को सामाजिक अभिशाप बताते हुये इसकी रोकथाम पर जोर दिया। कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन जय मत्ती पन्ना प्रधान ने भी बाल विवाह रोकने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थीं।



बाल विवाह व नशा समाज एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिये गंभीर चुनौती : डीडीसी

बाल विवाह व नशामुक्ति पर कार्यशाला, 6 बालिकाएं सम्मानित

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : बाल, प्रारंभिक एवं जबरन विवाह उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को टाउन हॉल गढ़वा में बाल विवाह एवं नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिला प्रशासन की समाज कल्याण शाखा की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक भागीदारी, विभागीय समन्वय और जनजागरूकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी प्रेमलता मुर्मू ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह एवं नशे के विरुद्ध सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह और नशा समाज एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिये गंभीर चुनौती हैं। इनके उन्मूलन के लिये केवल प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं है। सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने जिले को बाल विवाह एवं नशा मुक्त बनाने के लिये समन्वित और निरंतर प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बाल विवाह की रोकथाम में सराहनीय भूमिका निभाने वाली छह बालिकाओं का सम्मान रहा।



डीडीसी ने सभी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अर्चना सिन्हा ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम और नशा मुक्ति के लक्ष्य को हासिल करने के लिये जनभागीदारी, नियमित जागरूकता और विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार, सदस्य मुकेश कुमार सिंह एवं राजीव रंजन तिवारी तथा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों और बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। महिला पर्यवेक्षिका राणा तबस्सुम एवं प्रतिमा कुमारी ने नशे के दुष्प्रभावों और परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि बाल विवाह और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जांच के दौरान दोपहिया वाहन चालकों के बीच वितरित किए गए हेलमेट



मेदिनीनगर : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज जोड़ चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त सह सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार पलामू, पलामू डीटीओ पीके दास व यातायात प्रभारी ने दो पहिया वाहन चालकों के बीच हेलमेट वितरित करते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा का पालन करने का संदेश दिया। यातायात प्रभारी रूद्रानंद सरस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिले में सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग, मोबाइल फोन का उपयोग कर वाहन चलाने वाले चालको, ओवरस्पीड में वाहन चलाने वाले चालको, आदि का उलंघन करनेवाले वाहनों का जांच की। वाहन चालको को यह संदेश दिया गया कि जब भी वाहन चलाए तो सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, जिंदगी अनमोल है उसे व्यर्थ में न गवाएं। अभियान के दौरान जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी भी मौजूद थे।

जीवन अनमोल, हेलमेट और सीट बेल्ट का करें इस्तेमाल : डीटीओ

मेदिनीनगर : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा और यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित झारखंड बनाएं के संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। डीटीओ प्रमोद कुमार दास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, इसे लापरवाही में व्यर्थ न गंवाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें। ओवरस्पीड, ट्रिंक एंड ड्राइव और रेस ड्राइविंग से बचें। रैली में यातायात प्रभारी रुद्रानंद सरस, सड़क सुरक्षा प्रबंधक, गिरिवर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

भाजपा पर दुष्प्रचार का आरोप, झामुमो के केंद्रीय सदस्य ने सीएम से की मुलाकात



गढ़वा : झामुमो के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा द्वारा राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिये कथित रूप से चलाये जा रहे दुष्प्रचार अभियान की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। धीरज दुबे ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से जनता का विश्वास जीतने के बजाय सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार के खिलाफ नकारात्मक नैरेटिव तैयार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और डिजिटल क्रिएटर के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार के लिये कथित तौर पर भाजपा की ओर से पैसे और पटकथा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो विधानसभा चुनावों में हार के बाद भाजपा मिशन 2029 के तहत इस तरह की रणनीति अपना रही है। उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक पोस्ट की पहुंच को लेकर भी सवाल उठाये। उनका आरोप है कि भाजपा के खिलाफ उठने वाली आवाजों और पोस्ट की पहुंच सीमित की जा रही है। जबकि भाजपा आईटी सेल के पोस्ट को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में केंद्र सरकार की भूमिका और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कथित दबाव को लेकर भी चिंता जताई। धीरज दुबे ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश में विफल रहने के बाद भाजपा अब आदिवासी समाज में विभाजन पैदा करने की रणनीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि सरना और ईसाई समुदाय के बीच मतभेद बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उनके अनुसार भाजपा आदिवासी समाज में छत्तीसगढ़ मॉडल लागू कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा की विभाजनकारी और दुष्प्रचार की राजनीति को समझ चुकी है। राज्य सरकार विकास, सामाजिक सद्भाव और जनहित के मुद्दों पर अपना काम जारी रखेगी।

कृषि क्षेत्र को मजबूत व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में बैंक ऋण की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्य प्रबंधक



बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से नेशनल वाईड मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को यहां पाल्हे कला में स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर के प्रांगण में ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न शाखाओं की ओर से कुल 153 लाभुकों के बीच 3 करोड़ 64 लाख रुपये के ऋण का स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। उस मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रांची क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक बलराम सिंह ने कहा कि बैंक का उद्देश्य किसानों एवं जरूरतमंद लाभुकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में बैंक ऋण की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लाभुकों से बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा ऋण का सदुपयोग करने की अपील की। जेएसएलपीएस के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अविनाश शुक्ल ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आर्थिक सुविधा उपलब्ध कराना बैंक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से बैंक से ऋण लेकर उसका सही तरीके से सदुपयोग करने की अपील की। वार्ड नंबर 17 के वार्ड पार्षद ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि गांव की खुशहाली रोजगार एवं आत्मनिर्भरता से है। उन्होंने कहा कि बैंक लाभुकों को सुविधा देने के लिये बैंक आपके घर पहुंच रही है। सभी लोग बैंक से लोन लेकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। शिविर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पाल्हे कला शाखा के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार राणा, पुरैनी के देवाशीष मुर्मू, सगमा के रवि कुमार, गढ़वा रोड शाखा के संतोष कुमार, चंद्री शाखा के गोवर्धन मुंडा, एग्रीकल्चर फाईनेंस ऑफिसर अम्बर कुमार मंडल, विदुषी कुमारी एवं सौभिक नायक ने भी लाभुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में पाल्हे कला के 13, पुरैनी के 23, सगमा के 21, गढ़वा के 20, गढ़वा रोड के 50 एवं चन्द्री शाखा के 25 लाभुकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इसके पूर्व बैंक की ओर से अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंकित कुमार चौबे, बाबूलाल दुबे सहित बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

जिला प्रशासन ने नौवीं क्लास की छात्रा का निकाह रुकवाया

मेदिनीनगर : प्रशासन ने चैनपुर थाना क्षेत्र में एक नौवीं क्लास की छात्रा का निकाह रुकवाते हुए नाबालिग का रेस्क्यू किया है। अभी नाबालिग को रेस्क्यू करने के बाद सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को चैनपुर के इलाके में एक नाबालिग के निकाह होने की सूचना के बाद चाइल्डलाइन, अग्रगति एवं प्रशासनिक टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर निकाह रुकवा दिया। नाबालिग की जिस लड़के से शादी हो रही थी वह पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र का निवासी है तथा खाड़ी देश में नौकरी कर रहा था। वतन वापसी के बाद उसकी शादी हो रही थी। बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई करने वाली अग्रगति के निक्कू पाठक ने बताया कि नाबालिग नौवीं क्लास में पढ़ाई करती है। सूचना के आलोक में निकाह को रुकवाया गया है और कार्रवाई की गई है।

मादक पदार्थ की तस्करी की आरोपी गुड्डी बरी

मेदिनीनगर : पीडीजे की अदालत में तस्करी के आरोपी गुड्डी कुमारी को बरी कर दिया है। इस मामले में रेहला थाना में विगत वर्ष 5 मार्च को एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त पर आरोप था कि 5 मार्च 25 को 1.50 बजे ब्लू रंग के ट्रॉली बैग लेकर स्टेशन की ओर जा रही थी। उसकी नजर जैसे ही पुलिस गाड़ी पर पड़ी वह घबराकर बाजार शेड में छुपाने का प्रयास करने लगी। महिला पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान ट्रॉली बैग से 11 किलो गांजा जैसा पदार्थ मिला। इस मामले में पुलिस द्वारा गुड्डी कुमार के विरुद्ध चार्ज शीट समर्पित किया गया था, जबकि अन्य के खिलाफ पूरक अनुसंधान जारी रखा गया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने 10 गवाहों की गवाही कराई थी।

कार्रवाई वायरल ऑडियो के मामले में डीसी ने लिया कड़ा एक्शन

दो स्वास्थ्यकर्मी होंगे कार्यमुक्त, अनुशंसा

मामला प्रोत्साहन राशि में अवैध वसूली का

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : गढ़वा जिला प्रशासन ने श्री बंशीधर नगर में सीएचओ की प्रोत्साहन राशि के भुगतान के एवज में अवैध राशि की मांग किये जाने संबंधी वायरल ऑडियो के मामले में कड़ा एक्शन लिया है। वायरल ऑडियो मामले की जांच में प्रोत्साहन राशि के नाम पर अवैध वसूली की पुष्टि होने के बाद डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने दो दोषी कर्मियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने की अनुशंसा की है। इस संबंध में उन्होंने अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड रांची को पत्र लिखा है। यहां बताते चलें कि श्री बंशीधर नगर में सीएचओ की प्रोत्साहन राशि के भुगतान के एवज में अवैध राशि की मांग किये जाने संबंधी ऑडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया था। मामले की सत्यता और पूरे प्रकरण की जांच के लिये सिविल सर्जन एवं श्री बंशीधर नगर के एसडीओ की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने गत 23 नवंबर को अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर मामले की गहन जांच पड़ताल की थी।

जांच के उपरांत प्रथम दृष्टया मड़वनिया के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी अभिषेक सिंह तंवर एवं अनुमंडल अस्पताल के प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन की संलिप्तता उजागर हुई थी। संयुक्त जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में दोनों कर्मियों के विरुद्ध डीसी से नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। संयुक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुये एनआरएचएम के अभियान निदेशक को पत्र लिखकर दोनों कर्मियों की सेवा समाप्त (कार्यमुक्त) करने की अनुसंशा की है। डीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सरकारी प्रोत्साहन राशि के भुगतान के बदले किसी भी प्रकार की अवैध राशि की मांग करना एक बेहद गंभीर अपराध है। यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है, तो दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई अनिवार्य है। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभुकों को मिलने वाली राशि के भुगतान में पूर्ण पारदर्शिता व शुचिता बनाये रखने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक स्तर पर किसी भी रूप में भ्रष्टाचार या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

लापता युवक का कुएं में मिला शव, गांव में सनसनी

धान काट रहे ग्रामीणों को दुर्गंध आने पर हुई जानकारी

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव में शुक्रवार को कुएं से युवक का शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जंगीपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामगति उरांव के 35 वर्षीय पुत्र उपेंद्र उरांव के रूप में की गई है। वह पिछले 11 दिनों से लापता था। कुएं में शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उपेंद्र उरांव बीते 16 नवंबर को अचानक घर से लापता हो गया था। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने श्री बंशीधर नगर थाना पहुंचकर उसकी गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। इसके बाद से ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर गांव के कुछ लोग कुएं के समीप खेत में धान की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें कुएं की तरफ से तेज दुर्गंध महसूस हुई। संदेह होने पर जब ग्रामीणों ने कुएं में झांककर देखा तो पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाया। कुएं में शव मिलने की सूचना पूरे गांव में तेजी से फैल गई। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीसी सख्त

मरीजों को बेहतर इलाज देने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : समाहरणालय सभागार में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य संकेतकों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में डीसी ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न इंडिकेटर्स में सुधार लाने, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकीय सेवाओं का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाय। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का प्राथमिकता के आधार पर समुचित उपचार किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे आमजन के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ी हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। कार्यों में उदासीनता बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा के दौरान विभिन्न प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कमी, सुरक्षा गार्ड की अनुपलब्धता, एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी, विद्युतीकरण से जुड़ी समस्याओं तथा खराब पड़े एंबुलेंस सहित अन्य आधारभूत समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। इस पर डीसी ने सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी को इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।बैठक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित एवं संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। डीसी ने विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिये इन गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन केवल कागजी प्रतिवेदनों तक सीमित नहीं रहना चाहिये, बल्कि उनका वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक पहुंचना चाहिये। बैठक में डीईओ जगन्नाथ लोहरा, डीएसई अनुराग मिंज, डीपीएम गौरव कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

चैनपुर : चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटार खुर्द गांव निवासी पंकज चंद्रवंशी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पंकज चंद्रवंशी गुरुवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर लौटने के दौरान गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव के पास उनके बाइक को अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नीलगाय से टकराई बाइक, एमआर मनोज तिवारी की मौत



विश्रामपुर : नीलगाय से टकराने के कारण बाइक सवार तोलरा गांव निवासी 50 वर्षीय मनोज तिवारी की शुक्रवार शाम मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शाम करीब सात बजे उस समय हुआ, जब वे डालटनगंज से बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक नीलगाय सामने आ गई और उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनोज ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मनोज पेशे से एमआर थे। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि बरहमोरिया गढ़वा बाइपास सहित आसपास की सड़कों पर नीलगायों के अचानक आ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। खासकर शाम के समय वाहन चालकों को अधिक परेशानी होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नीलगायों के विचरण पर नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस पहल करने की मांग की है।

वायु सेना में चयनित होकर काजल ने बढ़ाया पलामू का मान



विश्रामपुर : प्रखंड के केतात गांव की बेटी काजल कुमारी ने भारतीय वायु सेना में चयनित होकर पलामू का गौरव बढ़ाया है। झारखंड की तीन सीटों पर हुए चयन में काजल ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उसकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। काजल केतात निवासी मदन गोपाल चौबे की नातिन और माधवकांत चौबे की पुत्री हैं। वह कांग्रेस के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू की भांजी भी हैं। काजल की सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला ने कहा कि काजल की सफलता पूरे पलामू के लिए गर्व की बात है। उसने अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। उसकी उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की बेटी का वायु सेना में चयनित होना गौरवपूर्ण उपलब्धि है। काजल ने साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और लगन से सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

विश्रामपुर : रेहला थाना क्षेत्र के सिगसिगी गांव के बेलवादामर में शुक्रवार को 26 वर्षीय विवाहिता आरती कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार आरती ने शुक्रवार दोपहर बाद अपने घर में कथित फांसी लगा ली। परिजन उसे इलाज के लिए विश्रामपुर स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की शादी अप्रैल 2024 में राहुलदेव विश्वकर्मा से हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मायके वालों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।



एआई इंसानी भावनाओं की जगह नहीं ले सकता : अनन्या पांडे

मुंबई। अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को आसान और तेज बना सकता है, लेकिन इसके कारण इंसानी प्रतिभा और भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट से अपने व्यक्तित्व अधिकारों की अंतरिम सुरक्षा हासिल करने वाली अनन्या ने कहा कि एआई अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है और इससे पूरी तरह बचना संभव नहीं है। हालांकि, जब इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों की जगह लेने या उनकी पहचान का गलत फायदा उठाने के लिए किया जाता है, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। बातचीत में अनन्या ने बताया कि फिल्म निर्माण के दौरान एआई कई तकनीकी समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित हो रहा है। पहले शोर या अन्य बाधाओं के कारण जिन दृश्यों को बार-बार फिल्माना पड़ता था, अब तकनीक की मदद से उन्हें ठीक करना आसान हो गया है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई इंसानी भावनाओं और रचनात्मकता की जगह नहीं ले सकता। अनन्या के मुताबिक, किसी की तस्वीर या वीडियो बिना अनुमति तैयार करना, उसे बदनाम करने अथवा उसकी छवि खराब करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करना गलत है। उन्होंने एआई के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत भी बताई।गौरतलब है कि अनन्या ने अपनी तस्वीरों, नकली विज्ञापनों, डीपफेक वीडियो और एआई आधारित चैटबॉट्स के कथित दुरुपयोग के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि कुछ कंपनियां और वेबसाइट उनकी पहचान का इस्तेमाल व्यावसायिक लाभ के लिए कर रही थीं और आपत्तिजनक सामग्री भी प्रसारित की जा रही थी। अदालत ने उनके व्यक्तित्व अधिकारों और निजता की सुरक्षा के लिए अंतरिम आदेश दिया था। काम की बात करें तो अनन्या अब अपने लोकप्रिय शो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में बेला चौधरी के किरदार में लौटेंगी।

मैडॉक फिल्म्स ने रिलीज किया 'ईठा' का नया गाना 'सिंदूर से'



मुंबई। मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशंस ने अपनी आगामी फिल्म 'ईठा' का नया गाना 'सिंदूर से' रिलीज कर दिया है। इससे पहले फिल्म में मुख्य किरदार ईठा की ताकत, महत्वाकांक्षा और कला से दर्शकों को परिचित कराया गया था। वहीं, नया गाना उनके जीवन के उस भावुक पहलू को सामने लाता है, जिसमें प्रेम, अपनापन और किसी के लिए गहरी चाहत की भावनाएं शामिल हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'सिंदूर से' को स्नेहा शंकर और अजय गोगावले ने अपनी आवाज दी है। गाने का संगीत अजय-अतुल ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। यह गीत ईठा के व्यक्तित्व के उस पहलू को दर्शाता है, जो मंच और कला की दुनिया से अलग है। इसके जरिए एक कलाकार के साथ-साथ एक ऐसी महिला की भावनाओं को भी दिखाने की कोशिश की गई है, जो प्रेम करती है और जीवन को पूरी गहराई से महसूस करती है। संगीतकार अजय-अतुल ने कहा कि इस गाने के जरिए ईठा के किरदार के एक अलग भावनात्मक पक्ष को सामने लाने का प्रयास किया गया है। उनकी कहानी केवल कला और संघर्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रेम और संवेदनशीलता भी महत्वपूर्ण हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणदीप हुड्डा, मोहम्मद जीशान अय्यूब, दिवंगत नाना पाटेकर, सिद्धार्थ जाधव, अनंत जोशी, अक्षरा सिंह और उल्का गुप्ता भी नजर आएंगे। दिनेश विजान, लक्ष्मण उतेकर और करिश्मा शर्मा द्वारा निर्मित यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भारत ने सदैव विश्व को धर्म, आध्यात्म और मानवता का संदेश दिया है : दत्तात्रेय होसबाले



नेशनल लेवल सॉकर रोबोटिक्स चैंपियनशिप

जोनल सेंटर से 20 विद्यार्थी चयनित

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ था आयोजन

बंशीधर न्यूज





श्री बंशीधर नगर : बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर के विद्यालय के जोनल सेंटर के माध्यम से नगर ऊंटारी, गढ़वा एवं डाल्टनगंज क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन नेशनल लेवल सॉकर रोबोटिक्स चैंपियनशिप के लिये हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता मार्च 2027 में आईआईटी दिल्ली में आयोजित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर को सॉकर रोबोटिक्स प्रतियोगिता के लिये जोनल सेंटर बनाया गया था। इसी क्रम में विद्यालय में 20 से 22 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय जोनल लेवल वर्कशॉप-कम-चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें श्री बंशीधर नगर, गढ़वा एवं डालटनगंज के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। इस दौरान विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, तकनीकी कौशल, प्रोग्रामिंग एवं सॉकर रोबोट के संचालन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला था। जोनल स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 20 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल के अर्पित कुमार, अर्थविट सिंह, दीक्षा पांडेय, समृति देव, दिवाकर कुमार, शिवम कुमार, सोनाली कुमारी, जानव्वी कुमारी, प्रत्यक्ष चौबे, माही सिंह, अर्पित आर्यन, आरव सिंह, डीएवी भवनाथपुर के अयान प्रजापति, वैभवी प्रजापति, उत्कर्ष प्रजापति, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल डाल्टनगंज के दिव्यांशु प्रकाश के नाम शामिल हैं। इसके अलावे मेरिट सूची के माध्यम से चयन के अतिरिक्त वाईल्ड कार्ड एंट्री के तहत भी चार विद्यार्थियों का चयन नेशनल सॉकर रोबोट चैंपियनशिप के लिये किया गया है। इनमें बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के हसन रजा, वृत्ति वास्तला, आरके पब्लिक स्कूल अधौरा के वेद प्रकाश एवं एमके इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर के कुशाग्र कुमार के नाम शामिल हैं।

स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

श्री बंशीधर नगर : बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के जोनल सेंटर से 20 विद्यार्थियों का चयन नेशनल लेवल सॉकर रोबोटिक्स चैंपियनशिप के लिये होने पर स्कूल प्रबंधन ने खुशी प्रकट करते हुये बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी है। स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह ने कहा की आज के तकनीकी युग में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। रोबोटिक्स जैसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, समस्या समाधान एवं नवाचार की भावना विकसित करते हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करना है। निदेशक मनीष कुमार सिंह ने कहा की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक है। विशेष खुशी की बात यह है कि इस जोनल सेंटर के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को एक साझा मंच मिला और उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपनिदेशक युवराज सिंह ने कहा कि रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की महत्वपूर्ण तकनीकें हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को प्रयोग करने, टीम भावना के साथ कार्य करने और नई तकनीकों को समझने का अवसर देती हैं। हमें विश्वास है कि हमारे क्षेत्र के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचेंगे। प्राचार्य रविश प्रजापति ने कहा की बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के जोनल सेंटर के माध्यम से 20 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर के लिये चयन होना हमारे लिये अत्यंत गर्व की बात है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग, संबंधित विद्यालयों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

1 दिसंबर से होगा ऑनलाईन प्रशिक्षण

प्राचार्य ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिये विद्यालय की ओर से 1 दिसंबर से ऑनलाईन प्रशिक्षण दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये अपना पूरा नाम, ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर विद्यालय के प्राचार्य के मोबाइल नंबर 9801104471 पर वाट्सएप के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है। उधर इस सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आयोजन समन्वयक अनामिका प्रजापति एवं राजकुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

वाहन जांच में पुलिस की कार्रवाई, नियम उल्लंघन करने पर 12 बाइकें जब्त



भवनाथपुर : पुलिस ने शुक्रवार को खरौंधी मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली एक दर्जन बाईक जब्त की। कार्रवाई के बाद चालान काटते हुये संबंधित वाहनों के मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिये जिला परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने की। जांच के दौरान बिना हेलमेट बाईक चलाने और ट्रिपल सवारी करने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी गई। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एएसआई जगबंधु महतो, नारायण प्रसाद यादव, राम सिंह, उपेंद्र पासवान, उदय यादव सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

सविमं के पूर्व कोषाध्यक्ष रवीन्द्रनाथ शर्मा का निधन, शोक

श्री बंशीधर नगर : सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गढ़वा जिला के पूर्व सह कार्यवाह एवं एस बी आई के फील्ड अफसर से अवकाश प्राप्त अधिकारी रवीन्द्रनाथ शर्मा का निधन को हो गया। उनके पैतृक गांव गढ़वा जिले के दलको में अंतिम संस्कार किया गया।उनके निधन पर विद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। उस मौके पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने दिवंगत शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विशद वर्णन किया। शोकसभा में व्यवसायी उमाशंकर प्रसाद सहित सभी आचार्य- दीदी जी एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

कस्तूरबा स्कूल में मना संविधान दिवस



कांडी : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में संविधान दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की वार्डन आर ऊषा कुमारी ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। उस मौके पर छात्राओं को भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई। वार्डन आर ऊषा कुमारी ने कहा कि संविधान देश की आत्मा, आवाज और संरक्षक है। यह देश की संप्रभुता का प्रतीक तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था का रक्षा कवच है। संविधान एक व्यापक लिखित दस्तावेज है, जो देश को सही दिशा में संचालित करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और लोकतंत्र की मजबूती संविधान पर आधारित है। प्रत्येक नागरिक को संविधान का सम्मान करते हुये अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिये। इस दौरान विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने संविधान के आदर्शों एवं मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। मौके पर आशा कुमारी, जूही प्रिया, करीना कुमारी, बसंत कुमार, श्रावण कुमार, मदन कुमार, दिनेश प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

प्रधानमंत्री व अबुआ आवास योजना के लाभुकों ने नये घर में किया गृह प्रवेश

बीडीओ व जिपस ने कराया गृह प्रवेश

बंशीधर न्यूज



भवनाथपुर : प्रखंड क्षेत्र के कैलान गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत नवनिर्मित मकानों में दो लाभुक परिवारों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ नंद जी राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया सुकनी देवी और बीपीओ चितरंजन कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने विधिवत पूजा-अर्चना, दीप जलाकर और फीता काटकर गृह प्रवेश कार्यक्रम की शुरूआत की। नये पक्के मकान में प्रवेश करते ही दोनों लाभुक परिवारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहे गरीब परिवारों के लिये यह पल बेहद खास रहा। बीडीओ नंद जी राम ने लाभुक मनोज यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं संजू देवी को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। बीडीओ ने दोनों नवनिर्मित आवासों के परिसर में एक-एक फलदार आम का पौधा भी लगाया। बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। पक्का घर प्रत्येक परिवार का सपना होता है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिये जनप्रतिनिधियों और संबंधित कर्मियों को सहयोग करना चाहिये, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार पक्के मकान की सुविधा से वंचित न रहे। मौके पर पंचायत सचिव सतीश सिंह, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, जेई प्रमेन्द्र विश्वकर्मा, कौशल कुमार, पंचायत सहायक उपेंद्र यादव एवं गुड्डू यादव, मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजमोहन यादव, अनिल यादव, विशाल पटेल, श्याम बिहारी यादव, नगीना यादव, विनोद साह, नागेंद्र साह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)